मौसम की मस्ती

अध्याय – 8

शब्दार्थ - संग – साथ । बतियाते -बात करते ।

उमड़ – घुमड़ – चारों ओर से एकश्रित होना ,

1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सामने (✓) का निशान लगाऐ ।

(क) गर्मी क्या लेकर आती है ?

1 . छुट्टियां (✓) 2 . ठंडी हवा ( )

(ख) सर्दी क्या लेकर आती है ?

1 . कोहरा (✓) 2 . पसीना ( )

(ग) बूंदों के संग कौन आता है ?

1 . बारिश (✓) 2 . सर्दी ( )

(घ) सर्दी – गर्मी के बीच में कौन – सा मौसम आता है ?

1 . बारिश ( ) 2 . बसंत (✓)

2 . विशेषता के आधार पर वाक्यों में दी गई वस्तु पहचानें और निर्देशानुसार वर्ग पहेली में लिखें ।

1. इसके चुभने पर दर्द होता है। यह गुलाब के पौधों पर होता है । कांटा
2. यह पतली , लंबी ,आगे से गोल और गहरी होती है । इससे हम खाना खाते हैं । चम्मच
3. कड़वी पत्तियों और फल वाला एक पेड़ । नीम
4. बाहर से हरा और अंदर से लाल रंग का एक फल । तरबूज
5. छोटा – सा उड़ने वाला कीड़ा जो कान में भिन्न -भिन्न करता है । मच्छड़
6. यह कई तरह का होता है । इस में हम अपना चेहरा देख सकते हैं
7. और इसके आर – पार भी देखा जा सकता है । आईना
8. इसे सब्जियों को पीसकर बनाया जाता है । इसे पकौड़ियों के साथ भी खाते हैं । चटनी
9. पानी में रहने वाला , लबां, बड़ा जीव है । इसके शरीर पर कांटे होते हैं । मगरमच्छ
10. काले रंग की चीज जिसे आंखों में लगाते हैं । काजल

3 .नीचे अलग – अलग मौसमों से जुड़ी कुछ वस्तुओं आदि के नाम दिए गए हैं ।

प्रत्येक मौसम से जुड़े किन्हीं दो नामों को चुनें और उनके रंग, आकार ,गुण,दोष आदि से जुड़ी एक -एक विशेषता लिखें ।

मौसम मौसमों से जुड़ी चीजों आदि के नाम

बारिश छाता , कीचड़, मोर – छाता -बारिश से बचने के लिए छाता का प्रयोग करते हैं ।मोर बारिश में पंख फैला कर नाचता है ।

बसंत फूल, खुशबू , **त्योंहार -**फूल बसंत ऋतु में बहुत ही सुन्दर दिखाई देते है ।

खुशबू -रात रानी फूल में बहुत ही खुशबू होती हैं ।

गरमी- कपड़े ,धूप, आम **कपड़े** – गर्मी में सूती कपड़े पहनते हैं । **धूप**-गरमी के मौसम में कड़ाके की धूप लगती हैं ।

सर्दी कपड़े कोहरा , मूंगफली । कोहरा- सर्दी कोहरा लेकर आती हैं । कपड़े – सर्दी के मौसम में ऊनी वस्त्र पहनते हैं ।

4. प्रश्नों के उत्तर

1. सर्दी के मौसम में क्या ओढ़ कर सोते हैं ?

उत्तर- सर्दी के मौसम में कंबल और रजाई ओढ़ कर सोते हैं ।

2 . गर्मी के मौसम में शरीर से क्या निकलता हैं ?

उत्तर – गर्मी के मौसम में शरीर से पसीना निकलता हैं ।

3. गर्मी के मौसम में कैसे कपड़े पहनते हैं ?

उत्तर-गरमी के मौसम में सूती कपड़े पहनते हैं ।

4. सर्दी के मौसम में कैसे कपड़े पहनते हैं ?

उत्तर- सर्दी के मौसम में ऊनी कपड़े पहनते हैं ।

5. मौसम की मस्ती कविता को एक नया नाम दें और उसका कारण भी लिखें ।

उत्तर – मौसम की मस्ती कविता को एक नया नाम मौसम का बदलना । क्योंकि मौसम भी हर साल महीनों के साथ बदलता रहता है । और वातावरण भी बदलते रहते हैं।